न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
विविध वाद संख्या 5581/ 2019
सरकार बनाम मौ0 यासीन

धारा 446 दं0प्र0सं0
थाना देहली गेट मेरठ।

दिनांक 19.03.2025

पत्रावली पेश हुई। कोई उपस्थित नही है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि यह प्रकरण धारा 446 दं0प्र0सं0 से सम्बन्धित है जो प्राचीन है। इस प्रकरण से सम्बन्धित मुख्य पत्रावली में अभियुक्त को वर्ष 2019 में फरार घोषित किया जा चुका है तथा पत्रावली दाखिल दफतर की जा चुकी है। 05 वर्ष के समयान्तराल पर जमानतदारो को आदेशिकाऐ प्रेषित की गयी परन्तु वह उपस्थित नही हो पाये। इस प्रकार उनका आना ना सिर्फ श्रमसाध्य प्रतीत होता है बल्कि इससे राज्य सरकार पर आर्थिक बोझ बढता जा रहा है और न्यायालय में लम्बित पत्रावलियों की संख्या बढ रही है। जमानतदारो के तलब किये जाने से मुख्य वाद के निस्तारण में तत्काल किसी प्रकार की सहायता प्राप्त होती प्रतीत नही होती है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त तथ्य व परिस्थितियो में इस पत्रावली को चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नही होता है। तदनुसार प्रकरण की कार्यवाही समाप्त की जाती है। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफतर हो।

(शैलेश पाण्डेंय)
विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
मेरठ।
**जे ओ कोर्ड यू0पी0 2093**